## न्यूज डायरी



### अमेरिकी टीवी चैनलों ने बंद किया डोनाल्ड ट्रंप का लाइव भाषण

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में हार की ओर बढ़ते डोनाल्ड ट्रंप के एक के बाद एक झूठ से आजिज आकर अमेरिका के कई टीवी चैनलों ने उनका लाइव भाषण बंद कर दिया। टीवी चैनलों ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप गलत सूचनाएं फैला रहे हैं। इससे पहले ट्रंप ने चुनावी रात के बाद पहली बार दिए अपने 17 मिनट के भाषण के दौरान कई बार भड़काऊ बयान दिया था और तथ्यहीन दावे किए थे। एमएसएनबीसी के एंकर ब्रायन विलियम्स ने कहा, ओके, हम यहां पर एक बार फिर से एक असामान्य स्थिति में हैं और न केवल अमेरिका के राष्ट्रपति को टोक रहे हैं बल्कि अमेरिका के राष्ट्रपति के बयानों को सही कर रहे हैं। टीवी चैनल ने थोड़ी ही देर बाद उनके लाइव प्रसारण को बंद कर दिया। यही नहीं अमेरिकी टीवी चौनल एनबीसी और एबीसी ने भी ट्रंप के भाषण के लाइव प्रसारण को बंद कर दिया।

### दोबारा भी हो गई गिनती तो डोनाल्ड ट्रंप के लिए चांस कम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के बाद मतगणना शुरू हुए करीब 72 घंटे बीत चुके हैं लेकिन अभी तक अगला राष्ट्रपति कौन बनेगा, इसकी तस्वीर पूरी तरह से साफ नहीं हो पाई है। डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन 264 इलेक्टोरल वोट पाकर जीत से मात्र 6 कदम दूर हैं। वहीं वर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 214 वोटों के साथ रेस में काफी पीछे चल रहे हैं। दरअसल, अमेरिका में अगले राष्ट्रपति का बनाने की चाभी अब 4 प्रमुख राज्यों के हाथ में आ गई है। ये राज्य हैं जॉर्जिया, पेन्सिलवेनिया, एरिजोना और नेवाडा। इनमें से तीन राज्यों में डोनाल्ड ट्रंप आगे चल रहे हैं और नेवाडा में जो बाइडेन बेहद कम मतों से बढ़त बनाए हुए हैं। जो बाइडेन को राष्ट्रपति बनने के लिए कुल 6 वोटों की जरूरत है। बाइडेन अगर नेवाडा जीत लेते हैं तो वह राष्ट्रपति बन जाएंगे। नेवाडा में कुल 6 वोट हैं।

### रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जनवरी में दे सकते हैं इस्तीफा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मास्को। पिछले करीब 20 साल से रूस पर राज कर रहे राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अगले साल की शुरुआत में अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं। सूत्रों ने दावा किया है कि पुतिन से इस्तीफा देने की अपील उनकी गर्लफ्रेंड जिमनास्ट अलीना कबाइवा और उनकी दो बेटियों ने किया है। दावा किया जा रहा है कि पुतिन पार्किंसंस बीमारी से जूझ रहे हैं। हाल में आईं तस्वीरों के बाद पुतिन के बीमारी की अटकलें और तेज हो गई हैं। मास्को के राजनीति विज्ञानी वलेरी सोलोवेई ने ब्रिटिश अखबार द सन से कहा कि रूसी राष्ट्रपति की गर्लफ्रेंड और उनकी दो बेटियां पुतिन को इस्तीफा देने के लिए जोर डाल रही हैं। उन्होंने कहा, पुतिन का एक परिवार है और उसका रूसी राष्ट्रपति पर गहरा प्रभाव है। पुतिन जनवरी में सत्ता किसी और को सौंप सकते हैं। उन्होंने कहा कि संभवतः राष्ट्रपति पार्किंसंस से जूझ रहे हैं और हालिया तस्वीरों में उनकी इस बीमारी के लक्षण दिखाई दिए हैं।

### पाकिस्तान में हाफिज सईद के तीन सहयोगियों को 16 साल तक की सजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लाहौर। पाकिस्तान में आतंकवाद रोधी एक अदालत ने बृहस्पतिवार को प्रतिबंधित जमात–उद–दावा (जेयूडी) के शीर्ष तीन नेताओं को 16 साल तक की सजा सुनाई है। सजा पाने वालों में मुंबई आतंकवादी हमले के षडयंत्रकर्ता हाफिज सईद का रिश्तेदार भी शामिल है। लाहौर में आतंकवाद रोधी अदालत ने सईद के रिश्तेदार हाफिज अब्दुल रहमान मक्की, जफर इकबाल और मोहम्मद अशरफ को आतंकवादी गतिविधियों के लिए धन मुहैया कराने के दो और मामले में दोषी करार दिया। ये सभी अदालत में मौजूद थे। इस दौरान अदालत परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे।

# जीत का दावा कर सुको से न्याय की गुहार लगा रहे ट्रंप

**दावा**

## सुप्रीम कोर्ट से पोस्टल बैलेट को खारिज करने की गुहार लगाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन से काफी पिछड़ चुके राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जीत का दावा करते हुए सुप्रीम कोर्ट से पोस्टल बैलेट को खारिज करने की गुहार लगाई है। ट्रंप ने कहा कि वह आसानी से राष्ट्रपति चुनाव जीत जाते अगर केवल कानूनी वोटों को ही डालने दिया गया होता। उन्होंने कहा कि पर्यवेक्षकों को उनका काम नहीं करने दिया गया।



डोनाल्ड ट्रंप ने ट्वीट करके कहा, मैं आसानी से अमेरिका के राष्ट्रपति पद का चुनाव जीत जाता अगर केवल कानूनी वोटों को ही डालने की अनुमति दी गई होती। पर्यवेक्षकों को किसी भी तरह से और किसी भी जरिए से अपना काम करने की अनुमति नहीं दी गई और इसलिए जिन लोगों के वोट इस अवधि में स्वीकार किए गए उन्हें निश्चित रूप से अवैध माना जाना चाहिए। अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट को इसका फैसला करना चाहिए।

**ट्रंप के इस ट्वीट को ट्विटर ने हाइड कर दिया:** उधर, ट्रंप के इस ट्वीट को ट्विटर ने हाइड (छिपाना) कर दिया है। ट्विटर ने कहा कि इस ट्वीट में चुनावी प्रक्रिया के बारे में लिखी गई कुछ बातें विवादित हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी आरोप लगाया कि कानून की धारा 230 के तहत सरकारी गिफ्ट दिया गया जिससे ट्विटर भी नियंत्रण से बाहर हो गया है। इससे पहले डोनाल्ड ट्रंप ने अपने भाषण में जीत के दावे को दोहराया था। साथ ही आशंका जताई है कि अवैध वोटों के जरिए इस चुनाव को चुराने की कोशिश की जा रही है।

ट्रंप ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा, अगर आप लीगल वोट गिनें तो मैं आराम से जीत रहा हूं। लेकिन अगर आप अवैध (मेल इन बैलट्स) वोट गिनेंगे तो वे (डेमोक्रेट) इसके जरिए हमसे जीत छीनने की कोशिश कर सकते हैं। मैं कई बड़े राज्य ऐतिहासिक मार्जिन के साथ जीत चुका हूं। ट्रंप ने ओपिनियन पोल्स को फर्जी बताते हुए कहा, ओपिनियन पोल्स करने वालों ने जानबूझकर पूरे देश में ब्लू वेव दिखाई। असल में ऐसी कोई वेव नहीं थी। पूरे देश में बड़ी रेड वेव (रिपब्लिकन के पक्ष में) है, इसका मीडिया को भी अंदाजा था मगर हमें इसका फायदा नहीं हुआ।

**टीवी चैनलों ने लाइव भाषण बंद कर दियाः** मेल इन बैलट्स में गड़बड़ी की आशंका जाहिर करते हुए ट्रंप ने कहा, हैरानी की बात है कि मेल इन बैलट्स किस तरह एक पक्ष (डेमोक्रेट) की तरफ ही दिख रहे हैं। यह एक भ्रष्ट प्रैक्टिस है और लोगों को भी भ्रष्ट बनाती है, भले ही वे अंदर से ऐसे न हों। ट्रंप के एक के बाद एक झूठ से आजिज आकर अमेरिका के कई टीवी चौनलों ने उनका यह लाइव भाषण बंद कर दिया। टीवी चैनलों ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप गलत सूचनाएं फैला रहे हैं।

## दक्षिण अफ्रीका में 100 फुट उछली तेज रफ्तार कार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** प्रिटोरिया। दक्षिण अफ्रीका से एक खौफनाक विडियो सामने आया है। इस सीसीटीवी फुटेज में नजर आ रहा है कि एक तेज रफ्तार कार ट्रैफिक घेरे से टकरा गई और हवा में उछलकर 100 फुट दूर जाकर एक चैपल से टकरा गई। इस हादसे के दौरान ड्राइवर करीब 15 फुट ऊंचाई पर गया और फिर सेंट एंड्रयू कॉलेज के चैपल से टकरा गई। इस भीषण टक्कर से कार का कचूमर निकल गया।

इस दौरान स्ट्रीट कैमरे में यह पूरा हादसा कैद हो गया। इस कार की टक्कर कुछ उसी तरह से थी जैसे हॉलीवुड की ब्लॉकबस्टर फिल्म फास्ट एंड फ्यूरियस में कार टक्कर को दिखाया गया है। प्रारंभिक रिपोर्टों में कहा गया है कि इस कार का एक ऑफ ड्यूटी सैनिक चला रहा था। ड्राइवर को गंभीर चोट आई है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ड्राइवर अभी चेतन अवस्था में है। दक्षिण अफ्रीकी पुलिस सेवा के प्रवक्ता कैप्टन माली गोवेंदर ने कहा, ड्राइवर खून से सना हुआ था।

हम अभी सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रहे हैं ताकि घटना के कारणों का पता लगा रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि ड्राइवर ने ट्रैफिक सर्कल पर अपना नियंत्रण खो दिया और स्कूल के चैपल को टक्कर मार दी।



## ग्रेटा ने डोनाल्ड ट्रंप की भाषा में उड़ाया उन्हीं मजाक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिकी चुनाव में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हार की ओर बढ़ते दिखाई दे रहे हैं। राष्ट्रपति चुनाव में मनमाफिक सफलता नहीं मिलने पर डोनाल्ड ट्रंप का गुस्सा बढ़ता जा रहा है और वह चुनाव को कोर्ट में चुनौती दे रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति की इस हालत पर स्वीडन की पर्यावरण ऐक्टिविस्ट ग्रेटा थनबर्ग ने अब ट्रंप की भाषा में ही उनका करारा जवाब दिया है। ग्रेटा का पलटवार अब वायरल हो गया है। ग्रेटा ने ट्वीट किया, बेहद हास्यास्पद। डोनाल्ड को अपने गुस्से के प्रबंधन की समस्या पर काम करना चाहिए, इसके बाद उन्हें अपने एक दोस्त के साथ अच्छी ओल्ड फैशन्ड फिल्म देखने चाहिए। शांत हो जाओ ट्रंप, शांत।

## पाकिस्तानी सेना के साथ अभ्यास करेगा भारत का दोस्त रूस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। भारत के साथ अटूट दोस्ती का दावा करने वाले रूस की सेना पाकिस्तान की सेना के साथ युद्धाभ्यास करने जा रही है। इस युद्धाभ्यास में शामिल होने के लिए रूसी सेना पाकस्तानी सेना के मुख्यालय रावलपिंडी पहुंच गई है। रूसी सेना पाकिस्तान में करीब दो हफ्ते तक रहेगी और अपनी युद्धक क्षमता को परखेगी। पाकिस्तान और रूस का यह युद्धाभ्यास ऐसे समय पर हो रहा है जब लद्दाख में भारत और चीन के बीच तनाव चल रहा है।

पाकिस्तान की सेना एक बयान जारी करके कहा कि रूस के

**रूसी सेना पाकस्तानी सेना के मुख्यालय रावलपिंडी पहुंची**

स्पेशल फोर्स के जवान पाकिस्तान पहुंच गए हैं। ये सैनिक पाकिस्तान और रूसी सेना के बीच होने वाले संयुक्त युद्धाभ्यास 'DRUZHBA-IV' में हिस्सा लेंगे। पाकिस्तानी सेना ने कहा कि इस युद्धाभ्यास का मकसद आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई में अनुभवों को साझा करना है। इसके अलावा हवा से जमीन में कूदने और बंधक संकट के समाधान के तरीके का अभ्यास होगा।

**पाकिस्तान को हथियार नहीं देगा रूसः** पाकिस्तानी सेना ने कहा कि दोनों देशों के बीच यह वार्षिक युद्धाभ्यास वर्ष 2016 से होता चला आ रहा है। इससे पहले इस साल रूस के दौरे पर गए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को मास्को ने भरोसा दिया था कि वह पाकिस्तान को हथियार नहीं देगा। रूस ने पाकिस्तान को आधा दर्जन हेलिकॉप्टर दिए थे जिसका भारत ने विरोध किया था। इसके बाद रूस ने इन हेलिकॉप्टर्स की सप्लाइ को रोक दिया था। रूस भारत को सबसे ज्यादा हथियारों की आपूर्ति करने वाला देश है। इसमें परमाणु ऊर्जा से चलने वाली सबमरीन शामिल है। रूस ने यह भी कहा था कि वह भारत की व्यापक स्तर पर सुरक्षा हितों में मदद करेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और रूस के रक्षा मंत्री जनरल सर्गेई शोइगू के बीच बैठक में मास्को ने यह आश्वासन दिया था।

## अंडमान में कोरोना वायरस संक्रमण के 14 नए मामले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पोर्ट ब्लेयर। अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में शुक्रवार को कोविड–19 के कम से कम 14 और मामले सामने आए हैं जिसके बाद केंद्र–शासित प्रदेश में संक्रमितों की कुल संख्या 4,403 हो गई। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नये क्रमितों में से चार ने यात्रा की थी और दस लोग रोगियों के संपर्क में आने से संक्रमित हो गए। अधिकारी ने कहा कि बृहस्पतिवार को 12 और लोगों का उपचार किया गया। अब तक यहां 4,175 लोग स्वस्थ हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में कोरोना वायरस से अब तक 60 लोगों की मौत हो चुकी है। पिछले 24 घंटे में संक्रमण से मृत्यु का कोई मामला सामने नहीं आया है। केंद्रशासित प्रदेश में इस समय 168 कोरोना वायरस मरीजों का इलाज चल रहा है।